**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

## THE TRIBUNE

# JC Bose varsity announces online semester examination

TRIBUNE NEWS SERVICE

FARIDABAD, NOVEMBER 30

Giving major relief to students, the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has announced the ensuing term-end semester examination online at notified examination centres. The examinations are scheduled to be held from December 14. The students were demanding that the examinations be held online.

Revealing this, a spokesperson of the university, said the decision to hold the online examination had been taken after a meeting between the Vice- Chancellor and a delegation of students of the university. Earlier, the students had expressed concern over the proposal of the university authorities to hold examinations offline, as it was claimed that a majority of the syllabus had been covered online this year. They had also demanded multiple choice question (MCQ)-based examinations. After internal reviews and deliberation with officials and affiliated institutions, the university has agreed to conduct exam online at the notified centres, with proper compliance to Covid protocols, it is claimed.

Directions have also been issued to the affiliated institutions to make adequate arrangements for online examination and to provide hostel facilities to outside students. The university will follow all necessary guidelines of the state government in this regard, including directions on the Covid protocols,it is added.



FILE PHOTO

Scheduled to be held from December 14

The Tribune Wed, 01 December 2021
https://epaper.tribuneindia.com/c/64684751

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# THE TRIBUNE

## INTER-COLLEGE YOGA COMPETITION

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organised an inter-college yoga competition in which 40 participants from the university and affiliated colleges took part. The yoga students of university's Community College performed well in the competition. Organised by the university's student welfare office it was conducted by yogacharya Kuldeep Rawat and sports officer DrSunita Koak, in which the participants demonstrated different yogic kriyas. In the male category, Sanjay and Harsh, both from Community College, got first and second position, respectively. Similarly, Ravi Kumar of the university stood third. In the women' category, Anjali of Community College was the winner. Himanshi from the university and Kshama from Community College shared the second position whereas Preeti from the university stood third.

The Tribune Wed, 01 December 2021 https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

## PIONEER

# जेसी बोस आनलाइन परीक्षा आयोजित करेगा

## विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केंद्र पर ऑनलाइन कराई जाएगी परीक्षाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ऑनलाइन** परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों को बड़ी राहत देते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 14 दिसंबर से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को ऑनलाइन मोड में कराने का निर्णय लिया है। यह परीक्षाएं अब विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी।



**जेसी बोस विश्वविद्यालय।**

उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन परीक्षा की मांगों को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति श्री राज नेहरू से मुलाकात की थी, जिस पर कुलपति ने उनकी सभी समस्याओं को सहानुपतिपूर्वक सुना था एवं आश्वासन दिया था कि विद्यार्थियों के हितों के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय उचित निर्णय लेगा। विद्यार्थियों ने कुलपति के समक्ष सिलेबस को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा की मांग की थी। साथ ही, बाहरी राज्यों के लिए विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधा तथा कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। विभिन्न आंतरिक समीक्षाओं और अधिकारियों एवं संबद्ध कालेजों के साथ विचार-विमर्श के बाद विश्वविद्यालय ने कोविड प्रोटोकॉल के उचित अनुपालन में अधिसूचित केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने पर सहमति जताई है।

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी में होंगी ऑनलाइन परीक्षाएं

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**ऑनलाइन परीक्षा** की मांग कर रहे छात्रों को जेसी बोस विज्ञान यूनिवर्सिटी ने बड़ी राहत दी है। यूनिवर्सिटी की तरफ से अब अधिसूचित परीक्षा केंद्रों में ऑनलाइन मोड पर परीक्षाएं कराने का फैसला लिया है। दरअसल ऑनलाइन परीक्षा की मांगों को लेकर छात्रों का प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति श्रीराज नेहरू से मुलाकात की थी। वहीं, कुछ छात्र संगठनों ने यूनिवर्सिटी के गेट पर भी प्रदर्शन किया था। छात्रों ने सिलेबस को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षा की मांग की थी। साथ ही बाहरी राज्यों के लिए छात्रों के लिए आवासीय सुविधा व कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। इस पर कुलपति का मानना था कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने और निष्पक्ष परीक्षा के लिए उचित निगरानी आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी की तरफ से ऑनलाइन परीक्षा को लेकर नोटिस जारी कर दिया गया है।

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# DAINIK JAGRAN

# जेसी बोस विश्वविद्यालय की परीक्षाएं होंगी आनलाइन

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय ने 14 दिसंबर से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को आनलाइन मोड में करवाने का निर्णय लिया है। इसे लेकर छात्र काफी समय से मांग कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि आनलाइन परीक्षा की मांगों को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति राज नेहरू से मुलाकात की थी। इसपर कुलपति ने आश्वासन दिया था कि विद्यार्थियों के हितों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय उचित निर्णय लेगा। विद्यार्थियों ने कुलपति के समक्ष पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए आनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षा की मांग की थी। साथ ही बाहरी राज्यों के लिए विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधा तथा कोरोना संक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। विभिन्न आंतरिक समीक्षाओं और अधिकारियों एवं संबद्ध कालेजों के साथ विचार-विमर्श के बाद विवि ने कोरोना प्रोटोकाल के उचित अनुपालन में केंद्रों पर आनलाइन परीक्षा आयोजित करने पर सहमति जताई है। आनलाइन परीक्षा को लेकर विवि द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। विवि आनलाइन परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कर रहा है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# AMAR UJALA

## विद्यार्थियों को मिली राहत ऑनलाइन ही होगी परीक्षा

**फरीदाबाद।** ऑनलाइन परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों को बड़ी राहत देते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 14 दिसंबर से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को ऑनलाइन करवाने का निर्णय लिया है।

यह परीक्षाएं अब विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसको लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति राज नेहरू से मुलाकात की थी। ऑनलाइन परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके अलावा विवि परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कर रहा है। संवाद

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# DAINIK BHASKAR

## स्टूडेंट्स को राहत, जेसी बोस विवि ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करेगा

**फरीदाबाद** | ऑनलाइन परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों को बड़ी राहत देते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 14 दिसंबर से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को ऑनलाइन मोड में कराने का निर्णय लिया है। परीक्षाएं अब विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचित परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन मोड में होंगी। ऑनलाइन परीक्षा की मांग को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति राज नेहरू से मुलाकात की थी, जिस पर कुलपति ने समस्याओं को सुना था एवं आश्वासन दिया था कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा।

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# HINDUSTAN

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन परीक्षा होगी

**फरीदाबाद | संवाददाता**

ऑनलाइन परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों को बड़ी राहत देते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 14 दिसंबर, 2021 से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को ऑनलाइन मोड में करवाने का निर्णय लिया है। यह परीक्षाएं अब विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। मंगलवार को जारी बयान में कुलपति राज नेहरू ने यह जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन परीक्षा की मांगों को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति राज नेहरू से मुलाकात की थी, जिस पर कुलपति ने उनकी सभी समस्याओं को सहानुपतिपूर्वक सुना था एवं आश्वासन दिया था कि विद्यार्थियों के हितों के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय उचित निर्णय लेगा। विद्यार्थियों ने कुलपति के समक्ष सिलेबस को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन ब्रहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा की मांग की थी। साथ ही, बाहरी राज्यों के लिए विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधा तथा कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। विभिन्न आंतरिक समीक्षाओं और अधिकारियों एवं संबद्ध कालेजों के साथ विचार-विमर्श के बाद विश्वविद्यालय ने कोविड प्रोटोकॉल के उचित अनुपालन में अधिसूचित केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने पर सहमति जताई है।

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# HADOTI ADHIKAR

# विद्यार्थियों को राहत, जे.सी. बोस विश्वविद्यालय लेगा आनलाइन परीक्षा

## विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केन्द्र पर ऑनलाइन करवाई जायेगी परीक्षाएं

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 30 नवम्बर। ऑनलाइन परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों को बड़ी राहत देते हुए जे.सी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने 14 दिसंबर से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को ऑनलाइन मोड में करवाने का निर्णय लिया है। यह परीक्षाएं अब विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन परीक्षा की मांगों को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति राज नेहरू से मुलाकात की थी, जिस पर कुलपति ने उनकी सभी समस्याओं को सहानुपतिपूर्वक सुना था एवं आश्वासन दिया था कि विद्यार्थियों के हितों के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय उचित निर्णय लेगा।

विद्यार्थियों ने कुलपति के समक्ष सिलेबस को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा की मांग की थी। साथ ही बाहरी राज्यों के लिए विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधा तथा कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। विभिन्न आंतरिक समीक्षाओं और अधिकारियों एवं संबद्ध कालेजों के साथ विचार-विमर्श के बाद विश्वविद्यालय ने कोविड प्रोटोकॉल के उचित अनुपालन में अधिसूचित केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने पर सहमति जताई है। इस पर कुलपति का मानना था कि शिक्षा की गुणवत्ता और पवित्रता को बनाए रखने और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करने के लिए उचित निगरानी आवश्यकता है। आनलाइन परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कर रहा है।

**NEWS CLIPPING:01.12.2021**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस का जीवन युवा शोधकर्ताओं के लिए सीखः कुलपति राज नेहरू

फरीदाबाद, 30 नवम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आचार्य जगदीश चंद्र बोस को उनकी 163वीं जयंती पर याद किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। जगदीश चंद्र बोस भारत के आधुनिक विज्ञान के अग्रदूत और बेतार संचार के जनक थे। कुलपति राज नेहरू ने आज विश्वविद्यालय में जगदीश चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि जेसी बोस अपने समय से काफी आगे थे। उन्होंने कहा कि आचार्य बोस का जीवन युवा शोधकर्ताओं के लिए आदर्श होना चाहिए और उन्हें महान भारतीय वैज्ञानिक के जीवन और कार्यों से सीखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चन्द्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया था।